भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं .619**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग - 11 की स्थिति**

619. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि रेवाड़ी से फ़तेहपुर तक वाया पचेरी-झुंझुनू राष्ट्रीय राजमार्ग-11 को चार-लेन का बनाने के कार्य को 4 मार्च 2014 को स्वीकृति दे दी गई थी, यदि हां, तो पचेरी-झुंझुनू खंड के लिए सड़क का निर्माण कार्य पूरा न होने का क्या कारण है;

(ख) क्या इस परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दे दिया गया है, यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक शुरू होगा और यदि डीपीआर नहीं बनाया गया है, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उपर्युक्त सड़क (राजस्थान में पचेरी से झुंझुनू तक) का निर्माण कार्य कब तक शुरू होने का अनुमान है और तत्संबंधी परियोजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) मार्च, 2014 में रेवाड़ी से फतेहपुर वाया पचेरी-झुंझुनू को राष्ट्रीय राजमार्ग-11 (एनएच 11) घोषित किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। तदनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य पारस्परिक प्राथमिकता, यातायात सघनता और प्रधानमंत्री गति शक्ति अवसंरचना के साथ तालमेल के आधार पर शुरू किए जाते हैं, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में रखा जा सके। सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के पचेरी-झुंझुनू खंड के विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना शुरू कर दिया है, जो वर्तमान में व्यवहार्यता अध्ययन के चरण में है।

*****